

नवभारत
भोपाल, सोमवार 18 मई, 2026

एक नजर में

सुनील पटेल बने जिलाध्यक्ष

नवभारत न्यूज, कुरावर 17 मई, सं. मूर्ति श्री जगदीश मंदिर पंच खातियान परमार्थिक ट्रस्ट के अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर चौधरी एवं युवा संगठन के अध्यक्ष लड्डूमल चौधरी की अनुसंशा से सुनील पटेल ग्राम माना वाले को युवा संगठन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर समाज बंधुओ ने बधाई देते हुए स्वागत किया है. इनकी नियुक्ति से समाज बंधुओं, युवाओं में काफी उत्साह है.

भड़काऊ बयानबाजी से भावनाएं आहत

नवभारत न्यूज, कुरावर 17 मई, सं. विगत दिवस भोपाल में सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने, भावनाओं को आघात करने एवं भड़काऊ बयानबाजी करने वाले के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया कि बजरंग दल, आरएसएस संगठनों के विरुद्ध अत्यंत आपात्तिजनक, अभद्र एवं अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया गया. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. ज्ञापन में कहा गया कि दोषी पर शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से सड़क पर उतरने को विवश होना पड़ेगा.

जनगणना को लेकर ग्राम माना में किया निरीक्षण

राजगढ़ 17 मई, का. भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत माना में जनगणना संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस दौरान संजीव श्रीवास्तव निर्देशक जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, जिला जनगणना अधिकारी डॉ. ज्योति बगवैया, जिला सांख्यिकी अधिकारी दिलीप कुमार साहू, जनगणना कार्यालय भोपाल से के.के. राज, तहसीलदार नरसिंहगढ़, नायब तहसीलदार टप्पा कुरावर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्राम पंचायत पहुंचकर जनगणना कार्यों का अवलोकन किया. साथ ही अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत में उपस्थित सभी प्रगणकों एवं जनगणना कर्मियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए जनगणना कार्य की प्रक्रिया, सावधानियों एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई. बैठक में जनगणना कार्य को पूर्ण पारदर्शिता, सटीकता एवं समयबद्ध तरीके से संपादित करने पर विशेष जोर दिया गया. अधिकारियों ने बताया कि जनगणना देश की विकास योजनाओं, संसाधनों के उचित वितरण एवं सामाजिक-आर्थिक नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार होती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना कार्य में सहयोग करें.

ब्लड बैंक को मिली कॉम्पोनेंट सेपरेशन मशीन

प्लाज्मा और प्लेटलेट्स थैरेपी से डेंगू और वायरल से लड़ाई के लिए मजबूत होगा जिला

अब राजगढ़ में ही मिलेगी प्लेटलेट्स और प्लाज्मा की सुविधा डेंगू समेत गंभीर मरीजों को नहीं होना पड़ेगा रेफर

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 17 मई, का. जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में जल्द ही अत्याधुनिक ब्लड कॉम्पोनेंट सुविधा शुरू होने जा रही है. इसके लिए ब्लड बैंक को ब्लड कॉम्पोनेंट सेपरेशन मशीन सहित अन्य आधुनिक उपकरण उपलब्ध हो चुके हैं. सुविधा शुरू होने के बाद अब जिले के मरीजों को प्लेटलेट्स, फ्रोजन प्लाज्मा और रेड ब्लड सेल (आरबीसी) जैसी सुविधाओं के लिए भोपाल और अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा.

वर्तमान में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में केवल रक्त संग्रह और ब्लड चढ़ाने संबंधी जांच की सुविधा संचालित हो रही है. लेकिन अब ब्लड बैंक को अपग्रेड करते हुए रक्त घटक पृथक्करण (ब्लड कॉम्पोनेंट) इकाई शुरू की जा रही है. इसके तहत एक यूनिट रक्त से अलग-अलग घटक जैसे प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और आरबीसी अलग कर जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराए जा सकेंगे.

सेंटीफ्यूजर, डीप फ्रीजर और ब्लड सेपरेटर भी स्थापित

जानकारी के अनुसार गत वर्ष ऑटोमेशन ऑफ ब्लड बैंक एंड मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के तहत सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा ड्रग कंट्रोलर भारत सरकार एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल को ब्लड कॉम्पोनेंट यूनिट संचालन के लिए आवेदन भेजा गया था. इसके बाद संबंधित विभाग द्वारा उपकरणों, स्टाफ और व्यवस्थाओं की जानकारी मांगी गई थी. अब ब्लड बैंक का नवीनीकरण कार्य लगभग पूरा हो चुका है. भवन में रंगाई-पुताई, फर्नीचर व्यवस्था और 8 नए एयर कंडीशनर लगाए जा चुके हैं. वहीं पिछले सप्ताह एजेंसी द्वारा सेंटीफ्यूजर, डीप फ्रीजर और ब्लड सेपरेटर जैसी आधुनिक मशीनें भी स्थापित कर दी गई हैं. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लाइसेंस प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह सुविधा आम मरीजों के लिए शुरू कर दी जाएगी. इससे खासतौर पर डेंगू, मलेरिया, वायरल इंफेक्शन और गंभीर रक्त संबंधी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी.

डेंगू मरीजों के लिए राहत बनेगी नई सुविधा

डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों के दौरान मरीजों में प्लेटलेट्स की संख्या तेजी से कम होना सामान्य बात हो गई है. गंभीर स्थिति में मरीजों को प्लेटलेट्स चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है. अभी तक इसके लिए मरीजों को बड़े शहरों में रेफर किया जाता था, लेकिन ब्लड कॉम्पोनेंट यूनिट शुरू होने के बाद जिला अस्पताल में ही प्लेटलेट्स और प्लाज्मा उपलब्ध हो सकेगा. इससे समय पर उपचार मिलने के साथ मरीजों और परिजनों को आर्थिक एवं मानसिक राहत भी मिलेगी.

आवश्यक मशीने आ चुकी है. शीघ्र ही ब्लड बैंक कॉम्पोनेंट यूनिट के लिए लाइसेंस मिलने की संभावना है. प्रयास किए जा रहे हैं कि जल्द से जल्द यह सुविधा मरीजों को उपलब्ध कराई जा सके.

डॉ. रजनीश शर्मा, सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय राजगढ़

नवभारत ने प्रमुखता से खबर प्रकाशन किया



रिपोर्ट ▶ महीनों से नहीं मापा जिले का अधिकतम तापमान, शोपीस बनकर रखे स्टूमेंट को इंस्टॉलेशन का इंतजार

मौसम रिपोर्ट में नहीं आता जिले का अधिकतम तापमान

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 08 फरवरी, का. प्रदेश की मौसम रिपोर्ट में राजगढ़ जिले के अधिकतम तामपान का कॉलम खाली आ रहा है. इसके इसी प्रकार प्रकाशन हुए कई वर्ष हो चुके है. कारण जिले में तापमापी मशीन का खराब होना. यहां अधिकतम तापमान का अंकन, मापन नहीं हो पा रहा है. इन दिनों दिन में तेज धूप के साथ गर्मी का अहसास होने लगा है. आगामी समय में गर्मी बढ़ेगी लेकिन इस बार भी गर्मी के दिनों में जिले का अधिकतम तापमान का अधिकृत रुप से पता नहीं चल पाएगा क्योंकि जिला मुख्यालय पर अधिकतम तापमान नापने वाली मशीन बीते तीन सालों से खराब पड़ी है.

उल्लेखनीय है कि न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान नापने दो यंत्र होते है, जिनकी रिडिंग अनुसार जिले का न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान का पता चल पाता है, किंतु जिला मुख्यालय पर वर्ष 2023 से अधिकतम तापमान मापी यंत्र खराब पड़ा होने से जिले का अधिकृत तौर पर अधिकतम तापमान नहीं आ पा रहा है.

शोपीस बने रखे यंत्र- अधिकतम तापमान मापी यंत्र काफी पूर्व जिला मुख्यालय पर आ चुके है जिन्हें किसी शासकीय कार्यालय में रखा हुआ है किंतु लम्बा समय गुजरने के बाद भी यंत्र को स्टॉलमेंट करने कोई नहीं आया. इसी तरह टेम्प्रेचर बॉक्स भी पूरी तरह टूट चुका है, इसकी जगह नया बॉक्स लगना है.

भोपाल से आएंगे इंजीनियर- अधिकतम तापमान मापी यंत्र को स्थापित करने भोपाल से इंजीनियर आएंगे. किंतु आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि तीन साल होने को है और आज दिनांक तक यंत्र स्थापित नहीं हो सका है.

वर्षामापी यंत्र भी 7-8 वर्ष से शोपीस बनकर रखे- जिला मुख्यालय पर वर्तमान में जिन वर्षामापी यंत्र के द्वारा वर्षा मापी जाती है वह काफी पुराने होकर जीर्णशीर्ण अवस्था में जा पहुंचे है, नये वर्षामापी यंत्र जिला मुख्यालय पर 7-8 वर्ष पूर्व आ चुके है किंतु इनको भी आज तक स्थापित नहीं किया जा सका है.

लकड़ी का बॉक्स खराब हो गया है, ऐसे में सिर्फ न्यूनतम तापमान ही रिकॉर्ड किया जा रहा. जब तक उचित जगह नहीं मिलती तब तक तापमान मीटर नहीं लग सकता.

आरएस गोयल, मौसम प्रभारी जिला राजगढ़

संबंधित विभाग से जानकारी लेकर वैदर इंस्टरूमेंट की स्थिति दिखावा लेते है. जो भी उचित और बेहतर हो सकता है, वो किया जाएगा.

श्रीमती निधि भारद्वाज एसडीएम, राजगढ़

सारंगपुर में आईपीएल सट्टेबाजी जॉकी निकले 2 सगे भाई

एसबीआई कियोस्क चलाता है मुख्य आरोपी

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 17 मई, सं. शहर में आईपीएल सट्टे के बड़े नेटवर्क का सनसनीखेज खुलासा पुलिस ने किया हैं. शनिवार देर रात सारंगपुर पुलिस ने शहर में चल रहे ऑनलाइन सट्टे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सगे भाइयों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस को आरोपियों के मोबाइल से ऑनलाइन बेटिंग के दर्जनों यूजर नेम, पासवर्ड, लाखों रुपए के लेनदेन और आईपीएल मैचों पर लगाए जा रहे दांव से जुड़े अहम डिजिटल सबूत मिले हैं. कार्रवाई के बाद शहर में हड़कंप मच गया.

थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि पुलिस पिछले एक सप्ताह से इस पूरे नेटवर्क पर गुप्त नजर बनाए हुए थी. पुलिस ने सबसे पहले एक युवक को मुखबिर बनाकर सट्टे की आईडी खरीदने भेजा. मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर रेहान नामक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, लेकिन उसके पास से कोई ठोस सबूत नहीं मिले.

इसके बाद पुलिस ने संजय राठौर पिता गोकुलप्रसाद राठौर निवासी भ्याना और दीपक भिलाला पिता सौदान सिंह भिलाला निवासी डिगवाड़ को पकड़ा. दोनों के मोबाइल की जांच में आईपीएल सट्टे से जुड़े कई डिजिटल रिकॉर्ड और लेनदेन के सबूत मिले. पूछताछ के बाद पुलिस शहर के कथित मुख्य सटोरियों जितेंद्र उर्फ जीतू चौहान और निलेश उर्फ रिंकू चौहान पिता राधेश्याम चौहान निवासी वार्ड-4 छोटा चौक सारंगपुर तक पहुंची. दोनों आरोपी सगे भाई हैं.

जांच में सामने आया कि आरोपी लोगों को ऑनलाइन सट्टा खेलने के लिए प्रेरित करते थे और यूजर नेम-पासवर्ड बेचकर पूरे नेटवर्क का संचालन कर रहे थे. पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, एक लाख रुपए नगद सहित करीब 3 लाख 15 हजार रुपए का सामान जब्त किया है. वहीं जांच में 20 लाख रुपए से अधिक के सट्टे के लेनदेन का हिसाब भी मिला है. पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े बड़े आकाओं की तलाश में जुटी हुई है. आईपीएल सट्टे में पकड़ाया आरोपी दीपक पिता सौदान सिंह भिलाला निवासी डिगवाड़ सारंगपुर के कीड़ी रोड़ पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाता हैं.

लापता मजदूर का शव नदी में मिला, बहन ने की पहचान

सब्जी लेने घर से निकले व्यक्ति का शव गाड़गंगा नदी में मिला

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 17 मई, सं. नगर में रविवार को एक परिवार की तलाश मातम में बदल गई. शनिवार शाम सब्जी लेने घर से निकला 40 वर्षीय बिरम वर्मा अगले दिन गाड़गंगा नदी में मृत मिला. नदी में पड़े शव के केवल बाल दिखाई दे रहे थे. जैसे ही शव बाहर निकाला गया, किनारे खड़ी उसकी बहन बिफर गई. उसने रोते बिलखते वहां मौजूद लोगों से कहा कि ये ही मेरा भाई है. मौके पर मौजूद लोग भी भावुक हो गए. घटना गाड़गंगा नदी के छोटे पुल के पास की है. इधर नदी किनारे लोगों की भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही खिलचीपुर थाना पुलिस और टीआई कमल सिंह गहलौत मौके पर पहुंचे.

रिपोर्ट दर्ज कराने के कुछ ही घंटों बाद मिला शव

पुलिस को रविवार सुबह ही बिरम वर्मा की गुमशुदगी की सूचना मिली थी, इसलिए परिजनों को भी मौके पर बुलाया गया. एक युवक की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया. शव देखते ही मृतक की बहन फूट-फूटकर रोने लगी. थोड़ी देर बाद पत्नी रेखा बाई भी वहां पहुंची और पति का शव देखकर बेसुध हो गई. परिजनों के मुताबिक बिरम वर्मा खिलचीपुर के कालाजी बड़ली क्षेत्र में पत्नी और तीन बच्चों- कालू, पुरम और दीपिका- के साथ रहता था. वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था. शनिवार शाम करीब 4 बजे वह सब्जी लेने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा. परिवार ने पूरी रात उसकी तलाश की. रविवार सुबह करीब 11 बजे थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई गई, लेकिन कुछ घंटों बाद ही नदी में उसका शव मिल गया. पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है.

जनसुनवाई में प्राप्त रामलाल के आवेदन का हुआ त्वरित निराकरण

राजगढ़ 17 मई, का. जिले में जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में प्रशासन लगातार संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है. इसी क्रम में तहसील खुजनेर अंतर्गत जनसुनवाई में प्राप्त आवेदक रामलाल पिता मांगीलाल निवासी घोड़ाखेड़ा के भूमि संबंधी आवेदन का राजस्व विभाग द्वारा मौके पर जांच कर विधिसम्मत निराकरण किया गया. आवेदक रामलाल द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई थी. मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसील प्रशासन द्वारा राजस्व अभिलेखों, पूर्व कार्रवाई एवं न्यायालयीन दस्तावेजों का विस्तृत परीक्षण किया गया. साथ ही राजस्व दल ने मौके पर पहुंचकर भूमि की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर संबंधित पक्षों से जानकारी प्राप्त की. जांच के दौरान यह पाया गया कि संबंधित भूमि प्रकरण में पूर्व में भी राजस्व विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई कर कब्जा हटाने की कार्यवाही की जा चुकी थी.

ब्रिज की कम हाइट बनी परेशानी का कारण

पगारी बंगला के समीप रेलवे ट्रैक पर बने ब्रिज की हाइट कम होना चिंता का विषय



नवभारत न्यूज

ब्यावरा /नरसिंहगढ़ 17 मई, का. नरसिंहगढ़ रोड स्थित पगारी बंगला क्षेत्र में रामगंजमंडी-भोपाल रेल लाइन पर बनाए गये ब्रिज की हाइट कम होने से यहां से बड़े वाहनों की आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ेगा. इसको लेकर नागरिक काफी चिंतित है. इस गंभीर समस्या की और जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार ब्यावरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम धुरला, तालोडी और सुहाहेडी के यहां रेलवे लाइन के लिए बनाए गए ब्रिज (अंडरपास/पहुंच मार्ग) की ऊंचाई कम है. जिसके चलते सामान लेकर आने-जाने वाले ट्रेक्टर ट्रॉली, हार्वेस्टर या ट्रक आदि का निकलना मुश्किल होगा. ब्रिज के यहां मार्ग संकरा और ढलान भरा होने के कारण भारी वाहन पीछे की ओर लुढक रहे है, जिससे दुर्घटना का डर भी बना रहता है.

समस्या के निराकरण की मांग

नागरिकों ने जिम्मेदारों से इस गंभीर समस्या की और ध्यान देते हुए इसके शीघ्र निराकरण की मांग की है. साथ ही यह भी कहा है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मजबूरन उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा.

चरण पादुका स्थापना महोत्सव : संकीर्तन के आनंद में झूम उठे लोग

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 17 मई, सं. नगर में श्री वृंदावन धाम श्री हित केली कुंज आश्रम से सद्गुरु देव भगवान के चरण पादुका का नरसिंहगढ़ में स्थापना महोत्सव और संकीर्तन भजन संध्या का आयोजन हुआ. चरण पादुका पूजन महंत दीपेंद्र दास द्वारा किया गया. नरसिंहगढ़, श्यामपुर व आसपास से आये श्रद्धालुजनों ने कीर्तन का लाभ लिया.

आयोजन काफी आनंद और उत्साह से भरा रहा. कथा वाचक जयंत प्रफुल्ल, जगदीश अग्रवाल, जगदीश उदावत, जगदीश बिहानी, मनोहर शर्मा, भूपेंद्र मिश्रा, प्रकाश उपाध्याय, विनीत रायसरा, संजय अग्रवाल, प्रकाश शर्मा, गोपाल सोनी, सुमित सोनी, लोकेश साहू, दीपेश नागर, राजकुमार सेन सहित रामेश्वर मंदिर मंडली के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा.

लोड सेटिंग के नाम पर बेतहाशा बिजली कटौती बनी सिरदर्द

ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय की जा रही कटौती से भारी परेशानी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 17 मई, का. इन दिनों भीषण गर्मी का दौर जारी है, अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री के आसपास बना हुआ है. ऐसे में पंखे, कूलर तक गर्म हवा दे रहे है इसी बीच लोड सेटिंग के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय बेतहाशा बिजली कटौती की जा रही है, जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

भीषण उमस भरी गर्मी के बीच ब्यावरा- सुठालिया मार्ग पर सिलपटी ग्रिड के तहत आने वाले लगभग 40 गांवों में बीते कई दिनों से लोड सेटिंग के नाम पर रात्रि के समय काफी देर तक बिजली कटौती की जा रही है.

बिजली जाते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता-भीषण गर्मी में जब पंखे, कूलर चल रहे हो ऐसे में रात्रि के समय एकाएक बिजली के चले जाने पर पंखे, कूलर थमते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है. जागकर रात्रि गुजारना पड़ती है. विशेषकर छोटे-छोटे बच्चों, बुजुर्गो एवं बीमार लोगों को गर्मी के प्रकोप के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

ग्रामीण क्षेत्र में दिन और रात्रि के समय विभिन्न चरणों में बिजली कटौती की जा रही है.

दिन में सुबह 8 से 10 तथा शाम के समय 4 से 6 बजे तक कटौती की जाती है, इसके अतिरिक्त रात्रि के समय कभी भी बिजली चली जाती है. आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इन हालातों के चलते जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है. सिलपटी ग्रिड के तहत ग्राम सिलपटी सहित गिंदोरहाट, जेपला, धानियाखेड़ी, निवानिया, कांसौर, सेमली, भाटपुरा, टोंका, चारखेड़ी, मानकी, बैलास, लुहारी, बालियापुरा, चाचाखेड़ी, भगोरा, पीपल्याखेड़ी सहित लगभग 40 गांव आते है, इन गांवों में रात्रि के समय लोड सेटिंग के नाम पर बिजली कटौती की जा रही है.

आगे से ही होती है लोड सेटिंग

विद्युत वितरण कम्पनी के अनुसार आगे प्रदेश स्तर से ही दो-तीन दिन में एक बार रात्रि के समय ग्रामीण क्षेत्र में लोड सेटिंग की जा रही है, यह लोड सेटिंग कुछ समय के लिए ही होती है. शनिवार-रविवार की रात्रि में भी लोड सेटिंग की गई. इसके तीन दिन पूर्व लोड सेटिंग की गई थी.

उपकरण ▶ अंतत : वर्ष 2023 से खराब तापमान नापने वाले मीटर और बॉक्स बदले

तीन वर्ष लग गए खराब तापमापी मीटर बॉक्स बदलने में

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 17 मई, का. बीते करीब तीन वर्षो से जिला मुख्यालय पर बंद पड़े अधिकतम तापमान नापने वाले मीटर एवं क्षतिग्रस्त बॉक्स को अंततः रविवार को बदल दिया गया. रविवार से अधिकतम तापमान की जानकारी जिला मुख्यालय से मिलना शुरु हो गई.

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय पर सीएमएचओ ऑफिस के समीप न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान नापने वाले मीटर एवं बॉक्स लगा हुआ था. किंतु लम्बे समय से बॉक्स के क्षतिग्रस्त होने के कारण वर्ष 2023 से इसे बंद कर दिया गया. तभी से जिला मुख्यालय से अधिकतम तापमान की जानकारी नहीं मिल पा रही थी. भोपाल स्थित मौसम विभाग के द्वारा सेटेलाइट के माध्यम से जिले के अधिकतम तापमान की जानकारी मिल पा रही थी.

नवभारत ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर

नवभारत द्वारा 2026 के 9 फरवरी के अंक में मौसम रिपोर्ट में नहीं आता जिले का अधिकतम तापमान नामक शीर्षक से प्रमुखता के साथ खबर का प्रकाशन किया गया था. जिसमें विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदेश की मौसम रिपोर्ट में राजगढ़ जिले के अधिकतम तापमान का कॉलम खाली रहने आदि जानकारी दी गई थी.

नए मीटर की शुरुआत 45 डिग्री से हुई

रविवार को नये मीटर के द्वारा ही जिले का अधिकतम तापमान नापा गया. विशेष बात यह रही कि रविवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री रहा, जो कि इस सीजन का सर्वाधिक तापमान है. मौसम केन्द्र भोपाल द्वारा प्रदेश के जिलों के तापमान को लेकर जारी की जाने वाली सारणी में लगभग तीन वर्षो से राजगढ़ जिले का अधिकतम तापमान दर्ज नहीं हो रहा था. यह कॉलम रिक्त आ रहा था. आखिरकार रविवार से अधिकतम तापमान दर्ज होने लगा. जिला मुख्यालय पर सीएमएचओ ऑफिस के समीप मौसम विभाग द्वारा स्थापित क्षतिग्रस्त बॉक्स एवं उसमे मौजूद न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान नापने वाले मीटर सहित चार मीटर को बदला गया. **वर्षामापी यंत्र भी लगा-** जिला मुख्यालय पर वर्तमान में जिन वर्षामापी यंत्र के द्वारा वर्षा मापी जा रही थी वह काफी पुराने होकर जीर्णशीर्ण अवस्था में जा पहुंचा था. जिला मुख्यालय पर ही अन्यत्र जगह स्थित वर्षामापी के द्वारा वर्षा मापी जा रही थी. जानकारी के अनुसार नया वर्षामापी यंत्र जिला मुख्यालय पर 7-8 वर्ष पूर्व आ चुका था किंतु यह भी नहीं लग पाया था. इस वर्षामापी यंत्र को भी स्थापित कर दिया गया है.

तापमान नापने वाले मीटर को कवर्ड कर लगाया गया बॉक्स बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था. इससे सही तापमान नहीं आ पा रहा था. भोपाल से आये इंजीनियर द्वारा बॉक्स को बदला गया और इसमें चार नये मीटर लगाए गये. इनमें न्यूनतम, अधिकतम एवं दो अन्य मीटर लगाए गये है. रविवार से जिले का अधिकतम तापमान यहां से दर्ज होने लगा. **आरएस गोयल, प्रभारी, मौसम विभाग राजगढ़**